समाचार

# छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति देश दुनिया तक विख्यात

## (निगम ने 07 स्थानों पर की लोकवाणी सुनने की व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ अधिकारी कर्मचारियों ने सुनी लोकवाणी)






कोरबा 13 अक्टूबर 2019—लोकवाणी कार्यक्रम में आज प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद महिलाओं के उत्थान एवं उनके हित पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गई है, राज्य में पहली बार तीजा एवं हरेली जैसे त्यौहारों में अवकाश घोषित किए गए हैं, हमारे प्रदेश में त्यौहारों की एक समृद्ध श्रृखला है, प्रदेश के चारों ओर दंतेश्वरी मैया, बमलेश्वरी मैया, चन्द्रहासनी दाई, महामाया दाई और गांव—गांव में शीतला मईया देवी के नौ स्वरूपों की धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश दुनिया तक विख्यात है।

आज 13 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी की तीसरी कड़ी में प्रदेशवासियों को संबोधित किया। लोकवाणी का श्रवण करने के लिए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने सभी जोन के अंतर्गत 07 स्थानों पर टी.व्ही., रेडियो व अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी, जहां पर जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के साथ—साथ अधिकारी कर्मचारियों ने लोकवाणी का श्रवण किया। लोकवाणी में प्रदेशवासियों से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि कुपोषण दूर करने सहित जच्चा—बच्चा के स्वास्थ्य के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया गया सुपोषण अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, इस अभियान में बच्चों में कुपोषण दूर करने सहित गर्भवती माताओं व शिशुवती माताओं के सुपोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि हमारी सरकार द्वारा समुदाय की समुचित भागीदारी स्थानीय जनता की रूचि और स्थानीय पोषण सामग्री के उपयोग पर बल दिया गया और पहले की पूरक पोषण आहार देने की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन कर पूरे प्रदेश में सुपोषण अभियान का यह अतिमहत्वपूर्ण कार्यक्रम लागू किया गया है। उन्होने कहा कि प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेष जोर दिय जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना तथा मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना की शुरूआत की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से श्रोताओं की भावनाओं से अवगत होते हुए उनके सवालों का सरल सहज भाषा में जवाब दिया, श्रोताओं ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के द्वारा प्रारंभ की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया।

निगम क्षेत्र के 07 स्थानों पर की गई लोकवाणी सुनने की व्यवस्था के दौरान सियान सदन घंटाघर कोरबा सहित निगम के विभिन्न जोन में लोकवाणी सुनने वालों में निगम के अपर आयुक्त अशोक शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पार्षद डॉ.मनहरणलाल राठौर, महेन्द्र सिंह चौहान, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, कार्यपालन अभियंता आर.के. चौबे, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर, तपन तिवारी, एन.के. नाथ, सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर, देवेन्द्र स्वर्णकार, अरूण बघेल, लीलाधर पटेल, अनिरूद्ध सिंह, हरिशंकर साहू, गोयल सिंह विमल, रघुराज सिंह, राजेश पाण्डेय, प्रकाश चन्द्रा, राजबहादुर सिंह, सोमनाथ डहरे, विवेक रिछारिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं आमनागरिक शामिल थे।

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित